माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 600 / 12 / एके0 / MSU / 2024–25 दिनांक: 11.07.24

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

विषय– स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि विदित है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2024--25 में छात्र / छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। संज्ञान में आया है कि अनुदानित महाविद्यालयों में छात्रों को प्रवेश लेते समय यह नहीं बताया जाता कि उनका प्रवेश महाविद्यालय में अनुदानित पाठ्यक्रम में हो रहा है या महाविद्यालय में संचालित स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम में किया जा रहा है, जिससे छात्रों में यह भ्रम की स्थिति बनी रहती है कि उनका प्रवेश अनुदानित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत हुआ है।

इस सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि समस्त महाविद्यालय छात्रों को प्रवेश देते समय संचालित पाठ्यक्रम की स्थिति (अनुदानित / स्ववित्त पोषित) एवं परीक्षा शुल्क आदि से अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे महाविद्यालय को किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े। स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में परीक्षा शुल्क के सम्बन्ध में यदि कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए सम्बन्धित महाविद्यालय पूर्णतया उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. परीक्षा नियंत्रक।
02. वित्त अधिकारी।
03. उपकुलसचिव।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव